# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21 नवम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में करीब उन्चास प्रतिशत हुआ मतदान। नियमों का पालन न करने पर पांच पुलिसकर्मी निलम्बित।
- पन्द्रह फरवरी से शुरू होंगी केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षायें। दसवीं की परीक्षायें अट्ठारह मार्च और बारहवीं की चार अप्रैल को होंगी समाप्त।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में सुग्रीव किला पर राजगोपुरम द्वार का किया उद्घाटन। कहा– अयोध्या से दुनियाभर के लिये हवाई सेवाओं का होगा विस्तार।
- राष्ट्रीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता में सोलह पदक हासिल कर हरियाणा बना ओवर आल चैम्पियन। बालक वर्ग में यूपी तो बालिका वर्ग में दिल्ली को मिला उप विजेता का खिताब।

**********

प्रदेश में कल नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर किसी भी विधानसभा सीट से किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। सभी नौ विधानसभा सीटों पर उनचास प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक सत्तावन दशमलव सात दो प्रतिशत और गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम तैंतीस दशमलव तीन शून्य प्रतिशत मतदान हुआ। सभी नौ सीटों पर वर्ष दो हजार बाइस के आम चुनावों की अपेक्षा कम मतदान हुआ है। अलीगढ़ की खैर सीट पर छियालिस दशमलव तीन छः प्रतिशत, कानपुर नगर की सीसामऊ सीट पर उन्नचास दशमलव एक तीन प्रतिशत, प्रयागराज की फूलपुर सीट पर तिरालिस दशमलव चार पांच प्रतिशत और मिर्जापुर के मझवां में पचास दशमलव चार एक प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट पर चौवन दशमलव एक शून्य प्रतिशत, अम्बेडकर नगर की कटेहरी सीट पर छप्पन दशमलव नौ शून्य प्रतिशत और मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट पर सत्तावन दशमलव एक दो प्रतिशत वोटिंग हुई।

चुनाव आयोग के निर्देश के बाद प्रशासन ने पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। इन पुलिसकर्मियों पर चुनाव आयोग के दिशा–निर्देशों का पालन न करने का आरोप है। मुजफ्फरनगर जिले की मीरापुर विधानसभा सीट पर पथराव की घटना हुई, जिसे प्रशासन ने तुरंत नियंत्रित कर लिया। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा और प्रशासन पर लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने से रोकने का आरोप लगाया, जबकि भाजपा ने समाजवादी पार्टी पर फर्जी मतदान का आरोप लगाया है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि घटनाओं का संज्ञान लेते हुए पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इन नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिये कुल 90 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें 11 महिलाएं शामिल है। इन सीटों के चुनाव परिणाम तेइस नवम्बर को आयेंगे। एक रिपोर्ट.....

***प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर हुआ उपचुनाव का मतदान सत्ता पक्ष और विपक्ष के लिए साख का सवाल हैं। इस उपचुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद प्रचार की कमान संभाल रखी थी। वहीं–मतदान के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पुलिस द्वारा मतदाताओं की जांच करने और मतदाताओं को वोट डालने से रोकने के आरोप लगाये, जिसका संज्ञान लेते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव अधिकारियों को निष्पक्ष और सुचारू मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिन 9 सीटों पर वोट डाले गये, पिछले विधानसभा चुनाव में इनमें से चार समाजवादी पार्टी के कब्जे में थी, जबकि तीन सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार जीते थे एक–एक सीट निषाद पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल ने जीती थी। इन सीटों पर मतगणना 23 नवंबर को होगी। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।***

**********

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई की कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी गयी हैं। परीक्षायें पन्द्रह फरवरी से शुरू होंगी। कक्षा दस की परीक्षायें अट्ठारह मार्च जबकि कक्षा बारह की परीक्षायें चार अप्रैल को समाप्त होंगी। सीबीएसई ने प्रायोगिक परीक्षा के भी कार्यक्रम जारी कर दिये हैं। कक्षा दस के लिये प्रायोगिक परीक्षायें एक जनवरी से जबकि कक्षा बारह के लिये पन्द्रह फरवरी से शुरू होंगी। इस बार छियासी दिन पहले ही सीबीएसई बोर्ड ने परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिये हैं। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज का कहना है कि विद्यार्थियों को दो विषयों की परीक्षा में पर्याप्त अन्तर दिया गया है साथ ही परीक्षा कार्यक्रम तय करते समय प्रतियोगी परीक्षाओं का ध्यान रखा गया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अयोध्या में सुग्रीव किला पर राजगोपुरम द्वार का उद्घाटन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हनुमान गढ़ी और श्री रामलला मंदिर में दर्शन–पूजन किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या दिव्य और भव्य रूप ले रही है। आने वाले समय में अयोध्या से दुनियाभर में हवाई सेवा का विस्तार होगा।

***अहोभाग्य है कि जीस कार्य के लिए पीढ़ियां समर्पित हो करके अपने आप को बलिदान कर दी उस कार्य को हम अपनी आँखों से देख रहे हैं अपने सामने मूर्त रूप होते हुए उसको देख रहे हैं। अयोध्या एक भव्य स्वरूप ले रही है। आज की अयोध्या में न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण है।बल्कि अयोध्या अब दुनिया की सुन्दरतम नगरी के रूप में अपने आप को स्थापित कर रही है।***

**********

गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में चल रही अड़सठवीं राष्ट्रीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता का कल समापन हो गया। पांच दिनों तक चली प्रतियोगिता के बालक एवं बालिका दोनों ही वर्गों में सोलह पदक हासिल कर के हरियाणा ओवर ऑल चैम्पियन रहा। वहीं बालक वर्ग में यूपी को बालिका वर्ग में दिल्ली को ओवर ऑल उप विजेता का खिताब मिला। कुश्ती के बालिका वर्ग के विभिन्न भाग वर्गों में हरियाणा को पांच स्वर्ण, तीन कांस्य सहित कुल आठ पदक मिले। वहीं दिल्ली को तीन स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य तथा यूपी को दो रजत और चार कांस्य पदक हासिल करने में सफलता मिली। बालक वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी हरियाणा तीन स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य सहित कुल आठ पदकों के साथ शीर्ष पर रहा। वहीं यूपी की टीम को दो स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदक के साथ दूसरा तथा महाराष्ट्र ने दो स्वर्ण और तीन कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

**********

भारत ने तीसरी बार महिला एशियाई चौंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है। बिहार के राजगीर में फाइनल मुकाबले में भारत ने वर्तमान ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को एक–शून्य से पराजित किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस जीत पर भारतीय महिला हॉकी टीम को बधाई देते हुए कहा है कि टीम ने महिला एशियन चैम्पियनशिप ट्रॉफी के फाइनल में चीन को पराजित कर के देश का मान बढ़ाया है।

**********

अन्तर्राष्ट्रीय बाल दिवस पर कल राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित होटल ताज में आयोजित समागम समिट–दो हजार चौबीस का हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बाल संरक्षण और बाल विकास के मुद्दे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी को मिल जुल कर एक ऐसी दुनिया बनानी होगी, जहां वंचित समाज के बच्चे भी स्वतंत्र होकर सपने देख सकें।

**********

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ए. के. वर्मा ने कल बताया कि भारतीय रेल की तरफ से प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ के लिए विशेष तैयारी की गई है। उत्तर रेलवे की ओर से ट्रैक की मरम्मत के साथ ही अतिरिक्त ट्रेनें भी चलायी जायेंगी

***प्रयाग में जो स्टेशन एरिया में जो हम लोग हैंडल करते हैं, उस उत्तर रेलवे में हम 3700 करीब आर पी ऐफ़ और कमर्शियल स्टाफ लगा रहे हैं और उसके अलावा नॉर्थर्न रेलवे बहुत बड़े नॉर्थर्न रेलवे की तैयारी कर रहा है, क्योंकि सबसे ज्यादा पैसेंजर जंक्शन पे आते हैं तो हम तीनों जो ज़ोन है उनके मिलके रेगुलर मीटिंग होती है।***

**********

झांसी के महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज के स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट में आग लगने से बारह नवजातों की मौत के मामले में चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक डॉ. किंजल सिंह की अध्यक्षता में गठित चार सदस्यीय टीम ने जांच पूरी कर ली है। डॉक्टर किंजल सिंह ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी। इस संदर्भ में विस्तृत जांच की गई है। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट शासन को सौंपी जा रही है। इस मामले में शासन स्तर से ही कार्रवाई होगी।

**********